उत्तर प्रदेश शासन

मत्स्य उत्पादन अनुभाग

संख्या- 29 /2021/1302/सत्रह-म-2021-17-1001(010)/62/2019

लखनऊ दिनांक 22 दिसम्बर, 2021

कार्यालय-आदेश

निदेशक मत्स्य उ0प्र0 के पत्र संख्या-185/स्था0शा0/2021-22 दिनांक 29.10.2021 एवं पत्र संख्या-186/स्था0शा0/2021-22 दिनांक 29.10.2021 द्वारा मत्स्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ में क्रमशः संयुक्त निदेशक मत्स्य एवं उप निदेशक मत्स्य (नियोजन) के रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अवगत कराना है कि मत्स्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ में उप निदेशक मत्स्य (नियोजन) के पद पर पदस्थ श्री संजय कुमार शुक्ला अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31.10.2021 को सेवानिवृत्त हो गये हैं। शासन के कार्यालय आदेश दिनांक 31.05.2018 द्वारा श्री शुक्ला को संयुक्त निदेशक मत्स्य, मत्स्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था। अतः श्री संजय कुमार शुक्ला के सेवानिवृत्त हो जाने के कारण मत्स्य निदेशालय में दिनांक 01.11.2021 से उप निदेशक मत्स्य (नियोजन) के साथ ही संयुक्त निदेशक मत्स्य का पद भी रिक्त हो गया है।

3- अतः वर्णित परिस्थितियों के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त संयुक्त निदेशक मत्स्य व उप निदेशक मत्स्य (नियोजन) के पद पर पूर्णकालिक पदस्थता होने/अग्रिम आदेशों तक शासकीय हित एवं विभागीय योजनाओं/राजकीय कार्यो के सुचारू संचालन हेतु काम चलाऊ व्यवस्था के रूप में निम्नलिखित अधिकारियों को तालिका के स्तम्भ-3 में अंकित उनके वर्तमान पद के साथ-साथ तालिका के स्तम्भ-4 में अंकित पद का अतिरिक्त प्रभार बिना किसी अतिरिक्त वेतन व भत्ते के एतदद्वारा प्रदान किया जाता है-

क्र0सं0	नाम/पदनाम	वर्तमान तैनाती	अतिरिक्त प्रभार
1	2	3	4
1.	श्री राजेन्द्र सिंह, उप निदेशक मत्स्य	मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0,लखनऊ	संयुक्त निदेशक मत्स्य, मत्स्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ
2.	श्रीमती मोनिशा सिंह, उप निदेशक मत्स्य	प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0, लखनऊ	उप निदेशक मत्स्य (नियोजन) मत्स्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ

(कृपा शंकर यादव)

उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasnadesh.up.nic.com

संख्या- 29 /2021/1302(1)/सत्रह-म-2021 तददिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(2) निजी सचिव,मा0 मंत्री जी/राज्य मंत्री जी, मत्स्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
(3) विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
(4) निदेशक मत्स्य, उ0प्र0 लख्नऊ।
(5) समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
(6) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0, लखनऊ।
(7) प्रबन्ध निदेशक, मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0, लखनऊ।
(8) सम्बन्धित अधिकारीगण।
(9) उप निदशेक मत्स्य (मुख्यालय), मत्स्य निदेशालय, लखनऊ।
(10) समस्त उप निदेशक मत्स्य/सहायक निदेशक मत्स्य, मत्स्य विभाग उ0प्र0।
(11) समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण उ0प्र0।
(12) कोषाधिकारी, लखनऊ।
(13) वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
(14) गार्ड फाईल।

http:// shasnadesh up.nic.com

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।